# BABA PSYCHQ

(A Unit of Kamal Lok Kalyan Samiti)

15 Aug 2023

Follow us on




B.N. Dubey
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

SSC | BANK | RAILWAY | AIRFORCE

NAVY | NDA | पुलिस | Other Competitive Exam

Save this Number
9431436233
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : Dalluchak, Near Dr. Keshav Babu's Clinic, Khagaul, Patna

Contact : 9431436233, 9304291333

# BABA PSYCHO

## 15 अगस्त का इतिहास

- **1947 :** भारत को अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्त हुई।
- **1947 :** पंडित जवाहर लाल नेहरू ने आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- **1972 :** पोस्टल इंडेक्स नंबर अर्थात पिन कोड लागू किया गया।
- **2008 :** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने संसद भवन परिसर में स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया।
- **1979 :** फरीदाबाद हरियाणा का 12वां जिला बना।

## 15 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्र सरकार ने कर्नाटक हाई कोर्ट से कहा है कि वह भारत में हवाना सिंड्रोम के मामले पर गौर करेगी। कर्नाटक हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को तीन महीने के भीतर ऐसा करने का निर्देश दिया हैं। याचिकाकर्ता ने भारत में हवाना सिंड्रोम पर जांच के लिए मैंडेमस रिट जारी करने का अनुरोध करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।
- भारतीय वायु सेना को इजरायल से स्पाइक नॉन-लाइन ऑफ साइट एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलें मिली हैं। इजरायली स्पाइक एनएलओएस एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलें 30 किमी की दूरी से लक्ष्य पर हमला कर सकती हैं। इजरायली स्पाइक एनएलओएस एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलें भारतीय वायुसेना को सौंप दी गई हैं। मिसाइल का परीक्षण बहुत जल्द शुरू होगा। एनएलओएस मिसाइलों को Mi-17V5 हेलीकॉप्टरों के बेडे के साथ एकीकृत किया जाएगा, जो लंबी दूरी से लक्ष्य पर वार कर सकते हैं।
- श्रीनगर जिला जल जीवन सर्वेक्षण के तहत सबसे अधिक प्रदर्शन करने वाला जिला बन गया हैं, जिसने पूरे भारत में 114 हर घर जल प्रमाणित गांवों को पीछे छोड़ दिया हैं। यह उल्लेखनीय मान्यता जल जीवन मिशन के सफल कार्यान्वयन के लिए श्रीनगर की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, जो एक दूरदर्शी पहल है जिसका उद्देश्य स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना हैं।
- न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड और टाटा प्ले ने जीएसएटी-24 को पेश किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य उपग्रह प्रसारण क्षमताओं को बढ़ावा देना है और देश के हर हिस्से में उच्च गुणवत्ता वाले मनोरंजन प्रदान करना है। यह साझेदारी भारत के दूरसंचार क्षेत्र में महत्वपूर्ण एग्रीमेंट को सूचित करती है, जिसमें उच्चतम गुणवता वाले स्वदेशी प्रौद्योगिकी का प्रयोग हो रहा है।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2021-2022 तक लगभग 2716.10 करोड़ रूपये के लंबित फसल बीमा दावों का एक महत्वपूर्ण बैकलॉग सामने आया था। किसान बीमा दावों की अधिकतम पिछड़ाव राजस्थान में है, जिसे महाराष्ट्र और गुजरात फॉलो करते हैं।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का एलान कर दिया हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने घोषणा की कि रेपो रेट और रिवर्स रेपो रेट में कोई बदलाव नही किया जा रहा हैं। आरबीआई ने चालू वित वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा हैं। हालांकि केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत से 5.4 प्रतिशत कर दिया है।
- अटल पेंशन योजना एक उल्लेखनीय मील के पत्थर तक पहुंच गई है क्योंकि इसने 5.25 करोड़ से अधिक ग्राहकों का प्रभावशाली नामांकन हासिल करते हुए सफल कार्यान्वयन के आठ साल पूरे कर लिए हैं।
- प्रधानमंत्री जन धन योजना पूरे भारत में वितीय समावेशन को बढ़ावा देने और व्यक्तियों को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभरी है। बिहार, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु 2022-2023 में प्रधानमंत्री जन धन योजना के लाभार्थियों की सबसे अधिक संख्या वाले शीर्ष तीन राज्य हैं। 2022-2023 के दौरान कुल 6.23 करोड़ जनधन खाते खोले गए। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार योजना के अधिकतम लाभार्थियों वाले राज्यों की सूची में बिहार शीर्ष पर है जो 2022-2023 में 84,89,231 था।
- राजौरी के चिकरी वुड क्राफ्ट, अनंतनाग के मुश्कबुदजी चावल को जीआई टैग मिला है। ये लेबल ने उत्पादों की अनूठी प्रकृति और अद्वितीय गुणों को सूचित करते हैं, और उनकी मूल स्थलों की पहचान कराते हैं। यह उपलब्धि नाबार्ड, हस्तशिल्प और हथकरघा विभाग और कृषि विभाग को शामिल करते हुए एक सहयोगी प्रयास का परिणाम है, जो दिसंबर 2020 में शुरू हुआ था।
- अंतर्राष्ट्रीय व्हेलिंग आयोग ने मेक्सिको के संकटग्रस्त वैक्विटा पोरपोइज के विलुप्त होने की चेतावनी जारी की। अनुमान है कि इसकी जनसंख्या घटकर एक दर्जन से भी कम रह गई है।
- अफ्रीकी देश नाइजर में सेना ने तख्तापलट कर मोहम्मद बजौम की सरकार को सता से बाहर कर दिया हैं। राष्ट्रपति गार्ड के कमांडर जनरल अब्दुर्रहमान तियानी ने खुद को देश का नेता घोषित कर दिया।

BABA PSYCHO

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. स्वतंत्रता दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 14 अगस्त (B) 15 अगस्त

(C) 16 अगस्त (D) 17 अगस्त

**(B)** पहली बार 15 अगस्त सन 1947 को देश के आजाद होने पर झंड़ा फहराया था। तकनीकी रूप से देश का पहला स्वतंत्रता दिवस इसी दिन था। इसके बाद 15 अगस्त 1948 को भारत का दूसरा स्वतंत्रता दिवस और आजादी की पहली वर्षगांठ थी। इस वर्ष 15 अगस्त की 76वीं वर्षगांठ और 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा।




**2. हाल ही में कौनसी स्मॉल फाइनेंस बैंक 24x7 विडियो बैंकिंग सेवा प्रदान करेगी ?**

(A) उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक

(B) इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक

(C) एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक

(D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वीडियो बैंकिंग के जरिए अपनी यूनिक ग्राहक सेवा 24x7 के लॉन्च के साथ एक यूनिक उपलब्धि हासिल की हैं। यह सेवा एक आभासी मंच प्रदान करती है, जहां ग्राहक वीडिया कॉन्फ्रेसिंग जैसे वीडियो कॉल के माध्यम से वास्तविक समय में वीडियो बैंक के साथ संवाद कर सकते हैं।



**3. हाल ही में किस राज्य सरकार ने राज्य कर्मचारी डेटाबेस अद्यतन शुरू किया है ?**

(A) असम (B) महाराष्ट्र

(C) उत्तर प्रदेश (D) पश्चिम बंगाल

**(B)** महाराष्ट्र सरकार ने उसके अधीन हर विभाग और कार्यालय में कर्मियों की वास्तविक जानकारी का आकलन करने के लिए राज्य कर्मियों के मास्टर डेटाबेस को अद्यतन करने का आदेश जारी किया। योजना विभाग द्वारा जारी सरकारी प्रस्ताव में कर्मचारियों के लिंग, जाति, धर्म, शारीरिक दिव्यांगता, यदि कोई हो, भर्ती होने और सेवानिवृति की तारीख, जन्म तिथि और बैंक खाते के विवरण के बारे में जानकारी मांगी गई है।



**4. हाल ही में किस राज्य की विधान सभा में राज्य का नाम बदलने के लिए विधेयक पारित हुआ है ?**

(A) केरल (B) तेलंगाना

(C) ओडिशा (D) तमिलनाडु

**(A)** केरल विधान सभा ने एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से संविधान और सभी सरकारी रिकॉर्ड में राज्य का नाम बदलकर केरलम करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने प्रस्ताव में किसी भी बदलाव का सुझाव नही दिया।



**5. हाल ही में वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं प्रमुख निजी बैंकों ने कितने करोड़ से अधिक शुल्क एकत्र किया है ?**

(A) 15,000 करोड़ (B) 22,000 करोड़

(C) 35,000 करोड़ (D) 50,000 करोड़

**(C)** वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों और प्रमुख निजी बैंकों दोनों ने मुख्य रूप से न्यूनतम शेष राशि बनाए रखने में विफल रहने वाले खाताधारकों से शुल्क के रूप में 21,000 करोड़ से अधिक की कमाई की हैं। न्यूनतम शेष आवश्यकताओं, अतिरिक्त एटीएम लेनदेन और एसएमएस सेवाओं को अनुपालन न करने जैसे कारणों से 2018 से 35,000 करोड़ से अधिक की राशि का शुल्क जमा किया गया है।

BABA PSYCHO

**6. हाल ही में कितने देश अमेजॅन देश एकीकृत पर्यावरण नीतियों पर सहमत हुए ?**

(A) 5 (B) 8

(C) 11 (D) 15

**(B)** आठ अमेजॅन देश क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए एकीकृत पर्यावरण नीतियों के एक सेट पर सहमत हुए हैं। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान आठ देशों के प्रतिनिधि ब्राजील के बेलेम में मिले। ये आठ देश बोलीविया, ब्राजील, कोलंबिया, इक्वाडोर, गुयाना, पेरू, सूरीनाम और वेनेजुएला अमेजॅन बेसिन के साथ सीमा साझा करते हैं।



**7. हाल ही में वैश्विक गैर लाभकारी संगठन इंटरनेट सोसायटी द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी मामले में भारत किस स्थान पर है ?**

(A) पहले (B) तीसरे

(C) पांचवें (D) छठे

**(D)** बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी के मामले में भारत ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया हैं। वहीं, सुरक्षा के मामले में भारत का स्थान औसत से बेहतर हैं। हालांकि, भारत पड़ोसी देशों भूटान, बांग्लादेश और नेपाल से पीछे है। इंटरनेट की मजबूती के मामले में दक्षिण एशिया में भारत 43% के कुल स्कोर के साथ छठे स्थान पर है।



**8. हाल ही में टी-20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय कौन बने हैं ?**

(A) शुभमन गिल (B) तिलक वर्मा

(C) यशस्वी जायासवाल (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा का बल्ला एक बार फिर बोला हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में अर्धशतक जमाया। तिलक ने दो अहम साझेदारियां की, जिससे भारत सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रहा। तिलक ने चौथे नंबर पर उतरके बाद 41 गेंदों में 51 रन की पारी खेली।



**9. हाल ही में चर्चित स्वाति माउंटेन क्या है ?**

(A) ज्वालामुखी (B) कूड़ का ढेर

(C) समुद्री पर्वत (D) हथियार का पता लगाने वाला रडार

**(D)** हाल ही में भारतीय सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित हथियार लोकेटिंग रडार के हल्के और अधिक कॉम्पैक्ट संस्करण को शामिल किया। इस रडार को स्वाति माउंटेन कहा जाता हैं। स्वाति माउंटेन डब्ल्यूएलआर एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कैन किया गया फेज्ड ऐरे रडार है।



**10. कृषि और प्रसंस्कृति खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण भारत सरकार के किस मंत्रालय से संबंधित है ?**

(A) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(B) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

(C) नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

(D) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**(A)** हाल ही में एपीडा ने हवाई मार्ग के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका में ताजा अनार के पहले परीक्षण शिपमेंट के निर्यात की सुविधा प्रदान की। एपीडा या कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एक भारतीय शीर्ष निर्यात व्यापार संवर्धन सरकारी निकाय हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY
सत्यमेव जयते